प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 29 सितम्बर, 2016

विषय : जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु आपसी समझौते के आधार पर भूमि क्रय के लिये प्रस्तावित भूमि के मूल्य का प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 265-67/ए0एस0-37-89/2016, दिनांक 01.8.2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु चिन्हित की गयी ग्राम मुडिया, अहमदनगर एवं चावडू स्थित अतिरिक्त भूमि को राजस्व अनुभाग-13 के शासनादेश दिनांक 19.3.2015 द्वारा विहित व्यवस्था के अन्तर्गत निजी भू-स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर क्रय हेतु भूमि की दर और भूमि के कुल मूल्य पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु ग्राम मुडिया, अहमदनगर एवं चावडू स्थित निजी भू-स्वामियों की कुल 13.395763 हे0 भूमि समझौते के आधार पर क्रय की जानी है, जिसका मूल्य रूपये 60,88,73,832/-आंकलित किया है। इंगित चिन्हित भूमि के सापेक्ष 7.912763 हे0 भूमि का क्रय हो चुका है और सम्प्रति 5.483 हे0 भूमि का क्रय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-2016/छप्पन-13-100/13 दिनांक 09.01.2014, शासनादेश संख्या-301/छप्पन-14-100/13, दिनांक 04.03.2014, शासनादेश संख्या-21/2015/469/छप्पन-15-100/13 दिनांक 30.03.2015 एवं शासनादेश संख्या-88/2015/1376/ छप्पन-15-100/13 दिनांक 18.11.2015 द्वारा कुल रूपये 53,10,30,000/- (रूपये तिरपन करोड़ दस लाख तीस हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान करते हुए समुचित धनराशि जिलाधिकारी के निर्वतन पर रखी गई है। क्रय की जाने वाली कुल 13.395763 हे0 भूमि के क्रय हेतु आंकलित धनराशि रूपये 60,88,73,832/- में से अवमुक्त धनराशि रूपये 53,10,30,000/- को समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि रूपये 7,78,43,832/- अर्थात रूपये 7,78,43,500/- (रूपये सात करोड़ अठहत्तर लाख तैंतालिस हजार पॉच सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है।

3- अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्तर-2 में अंकित विवरणानुसार जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु ग्राम मुडिया, अहमदनगर एवं चावडू स्थित निजी भू-स्वामियों की 5.483 हेक्टेयर भूमि आपसी समझौते के

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

आधार पर रूपये 19,16,36,000/- में क्रय की जानी है। जिलाधिकारी, बरेली के निर्वतन पर रखी गयी धनराशि रूपये 53,10,30,000/- (रूपये तिरपन करोड़ दस लाख तीस हजार मात्र) में अभी रूपये 11,37,92,168/- की धनराशि अवशेष बची हैं, को समायोजित करते हुए श्री राज्यपाल महोदय शेष धनराशि रूपये 7,78,43,500/- (रूपये सात करोड़ अठहत्तर लाख तैंतालिस हजार पॉच सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते है।

4- उक्त स्वीकृत धनराशि रूपये 7,78,43,500/- (रूपये सात करोड़ अठहत्तर लाख तैंतालिस हजार पॉच सौ मात्र) को आहरित कर तत्काल जिलाधिकारी, बरेली के निर्वतन पर रखा जायेगा और यथा आवश्यकता समय-समय पर संबंधित पक्षो को नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

5- कृपया भूमि के क्रय हेतु अपेक्षित अग्रेतर कार्यवाही जिलाधिकारी, बरेली से शीघ्रतापूर्वक सम्पन्न कराने का कष्ट करें ताकि सिविल एन्क्लेव का समयवद्ध निर्माण सम्पन्न कराया जा सके।

6- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 पूंजी लेखा के अन्तर्गत लेखा शीर्षक - 5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-20-हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा भूमि अर्जन-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग की अशा0 संख्या- ई-7-857/दस-2016, दिनांक - 27 सितम्बर, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 78/2016/1075(1)/छप्पन-2016-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ कोषाधिकारी, बरेली।
4- मण्डलायुक्त, बरेली मण्डल बरेली।
5- जिलाधिकारी, बरेली।
6- अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व/भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बरेली।
7- निदेशक, भूमि अध्याप्ति, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
8- नियोजन अनुभाग-4
9- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in